बारिश ने दी राहत, नगरवासियों के लिए आफत

संजीव कुमार शर्मा

ग्वालियर, 20 जुलाई। लंबे समय से बारिश का इंतजार कर रहे ग्वालियरवासियों को 20 तारीख को हुई झमाझम बारिश ने भीषण गर्मी और उमस से राहत तो दी, लेकिन शहर की चरमराई सफाई व्यवस्था और जल निकासी के दावों की पोल भी खोल कर रख दी।

प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की अनदेखी से फूटा जनता का गुस्सा

एक तरफ जहाँ मौसम सुहाना होने से लोगों के चेहरे खिल उठे, वहीं दूसरी तरफ उपनगर मुरार के कई इलाकों में जलभराव की वजह से स्थिति दयनीय हो गई। सबसे खराब स्थिति त्यागी नगर की गलियों में देखने को मिली, जहाँ बारिश का पानी आधे फीट से लेकर 1 फीट तक भर गया, जिससे स्थानीय निवासियों का घरों से निकलना तक दुश्वार हो गया।जलभराव और बदबू से परेशान त्यागी नगर के रहवासियों में स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति भारी आक्रोश देखने को मिला।

खुले चैंबर और सीवेज के पानी ने बढ़ाई आफत : त्यागी नगर की सड़कों पर केवल बारिश का पानी ही जमा नहीं हुआ, बल्कि जलभराव के चलते जलमग्न हुए खुले चैंबरों से सीवेज का गंदा पानी भी सड़कों पर फैल गया। इससे कई तरह की परेशानियां लोगों के सामने खड़ी हो गई।

बदबू और गंदगी से बेहाल इलाका: बारिश के पानी के साथ नालियों और सीवेज का कचरा मिलने से पूरे क्षेत्र में असहनीय बदबू फैल गई है। हादसों का डर: पानी में डूबे खुले चैंबरों के कारण राहगीरों और वाहन चालकों के लिए हर पल दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। स्वास्थ्य का खतरा: बारिश और सीवेज के इस जहरीले मिश्रण से संक्रामक बीमारियों का डर भी बढ़ गया है।

शीघ्र कार्रवाई की मांग : त्यागी नगर के रहवासियों ने नगर निगम आयुक्त और संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से मांग की है कि क्षेत्र में भरे गंदे पानी की तुरंत निकासी कराई जाए। पानी में डूबे खुले चैंबरों को जल्द से जल्द ढका जाए। क्षेत्र में कीटनाशक और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर स्वच्छता सुनिश्चित की जाए।

यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले मानसून के दिनों में मुरार का त्यागी नगर एक बड़े संकट का सामना कर सकता है।

एक ही दिन की बारिश में खुले नगर निगम के दावे

मानसून के आगमन से पहले नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा नाला सफाई और जल निकासी के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। लेकिन 20 तारीख की सिर्फ एक दिन की बारिश ने इन दावों की हकीकत जनता के सामने ला दी है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब एक ही दिन की बारिश में इलाके का यह हाल है, तो यदि आने वाले दिनों में लगातार बारिश होती है, तो यहाँ की स्थिति अत्यंत भयावह और बदतर हो जाएगी।

इनका कहना है...

हम बारिश शुरू होने से पहले ही कई बार प्रशासन के आला अधिकारियों को इस समस्या से अवगत करा चुके हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी लिखित और मौखिक शिकायतें की गईं, लेकिन किसी ने हमारी सुध नहीं ली। हमें समझ नहीं आता कि जिम्मेदार लोग हमारी तकलीफों के प्रति इतने बेपरवाह क्यों हैं।

- सुनील लवानिया

प्लॉट के नाम पर 10 लाख की धोखाधड़ी

ग्वालियर, 20 जुलाई। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ओएलएक्स पर हुई पहचान का फायदा उठाकर एक ठग ने शहर के एक प्रॉपर्टी कारोबारी को 10 लाख रुपये का चूना लगा दिया। आरोपी ने प्लॉट दिलाने के नाम पर पहले विश्वास जीता और फिर बड़ी रकम हड़प ली। घटना गोला का मंदिर थाना क्षेत्र की गोवर्धन कॉलोनी की है। यहाँ रहने वाले प्रॉपर्टी कारोबारी मनोज यादव ने बीते वर्ष अपना एक फ्लैट किराए पर देने के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन डाला था। नूरगंज निवासी अमन संखवार का उनके पास कॉल आया और उसने फ्लैट किराए पर लेने की इच्छा जताई।दोनों के बीच जान-पहचान और बातचीत बढ़ गई। मनोज यादव के अनुसार, बातचीत के दौरान अमन ने पहले उनसे 10 लाख रुपये उधार मांगे थे, जिसे उन्होंने देने से साफ मना कर दिया। इसके कुछ समय बाद अमन ने उन्हें घर आकर भटखेड़ी इलाके में एक प्लॉट सस्ते दाम पर दिलाने का लालच दिया। प्लॉट पसंद आने पर दोनों के बीच सौदा तय हो गया। इसके बाद आरोपी ने 5 लाख रुपये नकद और 5 लाख रुपये ऑनलाइन माध्यम से ले लिए और प्लॉट का एग्रीमेंट भी कर लिया।

सोनम वांगचुक और सीजेपी के समर्थन में शहर के युवाओं ने किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 जुलाई। नीट पेपर लीक के विरोध में दिल्ली के जंतर मंतर पर कई दिनों से कॉकरोच जनता पार्टी के शांतिपूर्ण प्रदर्शन और 23 दिनों से अनशन पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के अनशन के समर्थन में ग्वालियर के युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन किया। युवाओं द्वारा यह प्रदर्शन सोमवार शाम एमएलबी कॉलेज के पास किया गया। प्रदर्शन के दौरान युवाओं ने देश के भविष्य पर चिंता जाहिर करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक और धांधली के विरोध में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। इसके साथ उन्होंने दिल्ली पुलिस द्वारा सोनम वांगचुक को सफदरजंग अस्पताल में जबरन रखे जाने पर सवाल उठाते हुए कहा कि सोनम वांगचुक को इस तरह हिरासत में रखना सरासर गलत है। वह अपने लिए नहीं, वह सिर्फ छात्रों के भविष्य के लिए यह लड़ाई लड़ रहे हैं। इसके अलावा शहर के युवाओं ने दिल्ली पुलिस और आरएएफ द्वारा छात्रों के साथ प्रदर्शन के दौरान किए गए दुर व्यवहार की भी निंदा की। बता दे की शहर के कई छात्र-छात्राएं कॉकरोच जनता पार्टी के सोमवार को जंतर मंतर पर हुए शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल होने दिल्ली गए हुए है।

नशे से दूरी है जरूरी 0 .2 — पुलिस अभियान में आमजन को दिलाई शपथ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 जुलाई। मध्य प्रदेश पुलिस के 15 दिवसीय जन-जागरूकता अभियान के तहत ग्वालियर में 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' का व्यापक असर देखने को मिला। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने स्कूल, कॉलेज, खेल मैदानों और सार्वजनिक स्थलों पर कार्यक्रम आयोजित कर नशामुक्ति का संदेश दिया। महाराजपुरा के बिरला स्कूल और इंदरगंज के जीवाजी राव स्कूल में पुलिस अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं को नशे के शारीरिक, मानसिक और कानूनी दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से समझाया। महाराज बाड़ा पर व्यापारियों और राहगीरों को जागरूक किया गया, वहीं हस्तिनापुर पुलिस ने ग्राम आरोली में ग्रामीणों को नशामुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया और जागरूकता पोस्टर चस्पा किए।हजीरा क्षेत्र के खेल मैदान में खिलाड़ियों को अनुशासित जीवनशैली अपनाने और मादक पदार्थों से दूर रहने की शपथ दिलाई गई।

पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नशे के अवैध कारोबार की जानकारी तत्काल पुलिस को दें ताकि समाज को नशामुक्त और सुरक्षित बनाया जा सके।

'ऑपरेशन हमदर्द' — नाराज होकर घर से निकली युवती को परिजनों से मिलाया

ग्वालियर, 20 जुलाई। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन हमदर्द' के तहत जीआरपी ने एक सराहनीय कार्य करते हुए घर से नाराज होकर निकली युवती को सकुशल उसके माता-पिता से मिलवा दिया। जानकारी के अनुसार जीआरपी की टीम रेलवे स्टेशन परिसर में नियमित चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान ऑटो स्टैंड के पास एक युवती अकेली खड़ी और काफी घबराई हुई दिखाई दी। पुलिस ने तुरंत उसे सुरक्षित जीआरपी थाने पहुँचाया और पूछताछ शुरू की। पूछताछ में युवती ने अपना नाम 'दिव्या' (परिवर्तित नाम) बताया और जानकारी दी कि वह घर पर बिना किसी को बताए, परिजनों से नाराज होकर रेलवे स्टेशन आ गई थी। जीआरपी थाना प्रभारी महावीर सिंह ने तत्परता दिखाते हुए मामले की जांच शुरू की और आसपास के थानों से संपर्क साधा। जांच में यह सामने आया कि युवती के लापता होने की शिकायत पहले ही 'बेहट थाने' में दर्ज की जा चुकी थी। जीआरपी ने तुरंत बेहट पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर युवती के माता-पिता बेहट पुलिस टीम के साथ जीआरपी थाने पहुँचे। पुलिस ने आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं और पहचान की पुष्टि करने के बाद युवती को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। सकुशल बेटी को पाकर परिजनों ने जीआरपी टीम का आभार व्यक्त किया।

रात भर चली कॉम्बिंग गश्त, 245 गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 जुलाई। जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और आदतन अपराधियों पर नकेल कसने के उद्देश्य से ग्वालियर पुलिस ने 19-20 जुलाई की दरमियानी रात सघन 'कॉम्बिंग गश्त' की। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में शहर और देहात के थानों की पुलिस ने रात भर सड़कों पर उतरकर अपराधियों की धरपकड़ की।

कुल 245 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 118 स्थाई और 127 गिरफ्तारी वारंट शामिल हैं। 155 गुंडे और 134 हिस्ट्रीशीटरों के घर जाकर पुलिस ने उनकी गतिविधियों की जांच की। अवैध शराब के 3 प्रकरण (मोहना, बिजौली, जनकगंज) दर्ज किए गए। इसके अलावा धारा 107/116 में 4 और धारा 110 के तहत 1 कार्रवाई की गई। पुलिस ने इस दौरान एटीएम, होटल, धर्मशाला और ढाबों की भी सघन चेकिंग की। संदिग्ध वाहनों और मुंह बांधकर दोपहिया वाहन चलाने वालों पर विशेष नजर रखी गई। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि अपराध नियंत्रण के लिए यह मुहिम लगातार जारी रहेगी।

यातायात बाधित करने वालों से वसूला जुर्माना

ग्वालियर, 20 जुलाई। भवन निर्माण सामग्री सड़क पर डालकर यातायात को अवरूद्ध कर रहे मकान मालिकों पर जुर्माने की कार्यवाही की गई। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देषानुसार भवन निर्माण सामग्री सडक पर डालने वालों पर अभियान चलाकर जुर्माने की कार्यवाही की गई। जिसके तहत आज क्षेत्राधिकारी तनुजा वर्मा ने वार्ड 29 शारदा विहार में श्रीमती शांती चतुर्वेदी द्वारा भवन निर्माण समग्री सडक पर डालने पर 5000 का जुर्माना वसूला गया। क्षेत्राधिकारी राजेश भदौरिया ने वार्ड 18 शातब्दीपुरम में सीतादेवी पर भवन निर्माण सामग्री सड़क पर डालने पर 5000, क्षेत्राधिकारी सतेन्द्र उपाध्याय ने वार्ड 65 फिलाइड किड्स स्कूल के पीछे गिरवाई पर भगवती कुषवाह द्वारा भवन निर्माण सामग्री सडक पर डालकर यातायात को अवरूद्ध करने पर 4000 रूपये का जुर्माना वसूला गया।

गौमाता की रक्षा के लिए — 27 को गूंजेगा राम नाम

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 जुलाई। ग्वालियर-सनातन संस्कृति में गौ माता के संरक्षण और संवर्धन का संकल्प लेने के लिए देशव्यापी आह्वान किया गया है। आने वाली 27 जुलाई को भारतवर्ष के समस्त संत समाज के मार्गदर्शन में गौ रक्षा हेतु एक वृहद और ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस दिन देश भर में एक साथ 'अखण्ड श्री राम नाम संकीर्तन' का अनुष्ठान होगा।

देशभर में एक साथ होगा अखण्ड श्री राम संकीर्तन

यह आयोजन पूर्णत: आध्यात्मिक और जन-सहभागिता पर आधारित है। 27 जुलाई को प्रात: 8:00 बजे से प्रात: 9:15 बजे तक का समय इस संकीर्तन के लिए निर्धारित किया गया है। सवा घंटे की इस अवधि में संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न मंदिरों, मठों, आश्रमों और घरों में एक साथ 'राम-राम' की धुन गूंजेगी।

इस अनुष्ठान के पीछे मुख्य उद्देश्य गौ माता की रक्षा के लिए जन-चेतना जागृत करना और आध्यात्मिक शक्ति का संचार करना है। देश के प्रमुख संत-महात्माओं ने समस्त देशवासियों से अपील की है कि वे इस निर्धारित समय पर अपने-अपने स्थान से इस महा-अनुष्ठान में शामिल हों। संतों का मानना है कि 'राम नाम' की संकीर्तन शक्ति से न केवल समाज में सकारात्मकता आएगी, बल्कि गौ रक्षा का संकल्प भी और अधिक मजबूत होगा। आयोजकों ने सभी सनातनी बंधुओं से आग्रह किया है कि वे इस आयोजन को सफल बनाने के लिए नियत समय का पालन करें।

27 जुलाई को सुबह ठीक 8 बजे से 9:15 बजे तक संकीर्तन प्रारंभ करें। अपने निकटतम मंदिरों या मोहल्लों में सामूहिक रूप से संकीर्तन करें। यदि संभव हो, तो संकीर्तन के दौरान अपने घरों पर सनातन ध्वज लगाएं।गौ रक्षा को धर्म का अभिन्न अंग बताते हुए संतों ने कहा है कि गौ माता की सेवा ही राष्ट्र सेवा है और श्री राम नाम का संकीर्तन इस पुनीत कार्य के लिए एक सामूहिक शक्ति प्रदान करेगा।

अच्छी बारिश के लिए विट्ठल मंदिर में गूँजे वैदिक मंत्र

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 जुलाई। अच्छी वर्षा और जन-कल्याण की कामना को लेकर सिंधिया देवस्थान न्यास के श्री विट्ठल मंदिर (दर्जीओली) में 'रुद्र स्वाहाकार एवं पर्जन्य यज्ञ' का दसवां आयोजन संपन्न हुआ।

एक लाख आहुतियाँ दी गईं

वैदिक ब्राह्मण संघ द्वारा आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और वैदिक आचार्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश और मातृका पूजन के साथ हुआ, जिसके बाद वैदिक ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चार के बीच यज्ञ संपन्न कराया।

इस यज्ञ में पीयूष कालजंग मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। अनुष्ठान के दौरान हवन में कुल एक लाख आहुतियाँ अर्पित की गईं।

इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानव समाज के सुख-शांति, कृषि समृद्धि और समय पर अच्छी वर्षा के लिए प्रार्थना करना था।

आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन पिछले दस वर्षों से निरंतर किया जा रहा है। इसका उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान करना ही नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को वैदिक परंपराओं और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना भी है। आयोजन को सफल बनाने में वैदिक ब्राह्मण संघ के संयोजक गौरव नेवलकर, अरुण माहुलीकर, वैभव राहुलीकर, राजीव जोशी, उदय वाघा सुंदर, शशांक देवस्थली और प्रवक्ता निशिकांत सुरंगे का विशेष सहयोग रहा।

ग्वालियर की धैर्या ने कम उम्र में किया कमाल

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 जुलाई। ग्वालियर की 9 वर्षीय तैराक धैर्या साहू ने इंदौर में आयोजित 54वीं मध्य प्रदेश राज्य तैराकी प्रतियोगिता 2026 में असाधारण प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन किया है। धैर्या ने अंडर-10 बालिका वर्ग में कुल 5 पदक अपने नाम किए, जिनमें 1 स्वर्ण, 2 रजत और 2 कांस्य पदक शामिल हैं। इतनी कम उम्र में इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करना धैर्या की कड़ी मेहनत, लगन और खेल के प्रति उनके समर्पण को दर्शाती है। धैर्या की यह सफलता ग्वालियर के सभी युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा है।

तैराकी में जीते 5 मैडल

सफलता से खुश है पिता और कोच : धैर्या की सफलता पर पिता अनिल साहू ने खुशी जाहिर करते हुए कहा की धैर्या बचपन से ही लगातार तैराकी में अपना नाम कर रही है और कई प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कर चुकी है। उसकी हर उपलब्धि का सारा श्रेय कोच विनोद जाटव को जाता है।

कोच विनोद जाटव का कहना है कि धैर्या में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने की क्षमता है। यदि उन्हें इसी तरह सही ट्रेनिंग, और बेहतर अवसर मिलते रहे, तो वह मध्य प्रदेश और भारत का नाम रोशन करेगी।

गुरु पूर्णिमा पर निकलेगी साईं बाबा की पालकी

ग्वालियर, 20 जुलाई। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जुलाई, बुधवार को 'ऊं साईं श्रद्धा सबुरी सेवा दल समिति' द्वारा साईं बाबा का भव्य पालकी चल समारोह आयोजित किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष संजय कट्टल ने बताया कि इस वर्ष साईं बाबा नई पालकी में सवार होकर नगर भ्रमण करेंगे। यह चल समारोह शाम 5 बजे साईं बाबा मंदिर, गाडवे की गोठ से शुरू होगा। यात्रा माधोगंज, गोरखी, महाराज बाड़ा, सराफा बाजार, डीडवाना ओली, पाटनकर बाजार, जयेंद्र गंज और शिंदे की छावनी होते हुए फूलबाग पहुंचेगी और अंत में विकास नगर स्थित साईं बाबा मंदिर पर समापन होगा, जहाँ आरती की जाएगी। यात्रा में महाराष्ट्र का प्रसिद्ध ढोल, साईं बाबा की बग्गी, श्याम सुंदर घोड़ा, आकर्षक झांकियां, बाबा की धूनी और लोबान की रेढ़ी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे। यात्रा के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर पुष्प वर्षा कर बाबा का स्वागत किया जाएगा। आयोजन की तैयारियों को लेकर राजेश जयसिंघानी, राजेश यादव, अमित कुकरेजा, नरेश बत्रा, रवि तलेगांवकर, अनिल इसरानी सहित समिति के अन्य पदाधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई है।

अजाक्स भवन में 'मेधावी छात्र अकादमी' का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 20 जुलाई। अजाक्स भवन तुलसी नगर में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए एक नई उम्मीद की किरण जगी है। कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर 'अजाक्स मेधावी छात्र अकादमी' का आधिकारिक शुभारंभ किया। इस अवसर पर 'प्रतिभा सम्मान समारोह' का भी आयोजन किया गया।

मंत्री गौतम टेटवाल ने किया उद्घाटन

मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने कहा कि अजाक्स द्वारा शुरू की गई यह अकादमी आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के मेधावी बच्चों के भविष्य निर्माण में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे महापुरुषों के त्याग और बलिदान को सदैव याद रखें। उन्होंने कहा, 'यदि हमारे महापुरुषों ने समाज की चिंता नहीं की होती, तो आज हम इस मुकाम पर नहीं होते। हमें उनके द्वारा बताए गए मार्ग का अनुसरण कर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए।' कार्यक्रम के दौरान मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही, संगठन को मजबूती प्रदान करने और जिलों में सराहनीय कार्य करने वाले पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया।

इनमें प्रमुख रूप से उज्जैन के संभागीय अध्यक्ष श्री अम्बाराम बॉस, तथा देवास, विदिशा, सागर, दमोह, कटनी एवं छिंदवाड़ा के जिलाध्यक्ष शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन सर्वश्री आर.के. दादोरिया और नत्थू सिंह अहिरवार ने किया। इस अवसर पर अजाक्स के प्रांतीय उपाध्यक्ष गोवर्धनलाल गुवाटिया, प्रांतीय महासचिव डॉ. नीरा चौधरी, इंजी. एस.डी. वंशकार और मुख्य स्टेट समन्वयक श्यामलाल डीहरिया सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक और अधिकारी उपस्थित रहे।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ऊर्जा विभाग के सचिव और पावर मैनेजमेंट कंपनी के सीएमडी, वरिष्ठ आईएएस अधिकारी श्री विशेष गढ़पाले ने कहा कि युवा देश की वास्तविक धरोहर हैं। उन्हें बिना किसी भेदभाव के सही दिशा दिखाना हम सभी का सामूहिक दायित्व है। अजाक्स के प्रांताध्यक्ष चौ. मुकेश मौर्य ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि अजाक्स का मुख्य उद्देश्य शोषित, पीड़ित और वंचित समाज को मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने सामाजिक सद्भाव और समरसता को बनाए रखते हुए राष्ट्र निर्माण में संगठन की निरंतर सक्रियता पर बल दिया।